<u>एक अकेले की क्षमता</u>

असंख्य इकाइयों का संगठित समूह है समाज! एक–एक इकाई का अपना बल है, सामर्थ्य है, क्षमता है। अगर ऊर्जा को बार–बार के संकल्प –विकल्प में खर्च होने से बचा लिया जाए तो एक अकेला चना भी ऐसा भाड़ फोड़ सकता है कि भाड़ खिल–खिल जाए। एक अकेला सूर्य पूरी सृष्टि को प्रकाश देता है एक चन्द्रमा घोर अंधकार को काट देता है। एक सिंह वनराज कहलाता है। एक चाणक्य, एक शिवाजी ने विशाल – सुदृढ़ साम्राज्यों की नींव डाली। एक अकेले वकील महात्मा गाँधी ने पूरा दक्षिण अफ्रीका हिला दिया; स्वतंत्रता आन्दोलन को नई धार दी। कवीन्द्र रवीन्द्र नाथ टैगोर विश्वभारती जैसा महान गुरूकुल बनाकर शिक्षा और साहित्य को नई दिशा दी। एक इंजीनियर श्रीधरन ने समयपूर्व प्रोजेक्ट समाप्त 'मैट्रोमैन' का खिताब पाया। एक अकेले सचिन तेंदुलकर ने पुराने सभी कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए। स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की ऊँचाई के समक्ष पुरस्कार बौने हो गए। साधनहीन परिवार के एक व्यक्ति ए.पी.जे अब्दुल कलाम ने देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाया एक नारायण मूर्ति और एक अजीम प्रेम जी ने विश्व में कम्प्यूटर व्यापार का झंडा गाड़ दिया । उद्योग जगत से एक अकेले श्री पदमपत जी सिंहानिया ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी ही दर्ज नहीं करवाई बल्कि व्यापारियों का विशाल संगठन खड़ाकर दिया और अंग्रेजों कसे पीछे हटने पर मजबूर किया। एक मदर टेरेसा ने असंख्य अनाथों को नवजीवन प्रदान किया। जबलपुर यूनीवर्सटी के एक प्रोफेसर आचार्य रजनीश की विचारधारा ने सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित किया। दिल्ली के एक छोटे से घर से निकल कर एक शाहरूख खान बॉलीवुड के चहेते कलाकार बने। एक बाबा रामदेव पूरे विश्व में योग का ब्रॉन्ड बन गए। यह सब एक व्यक्ति की हिम्मत, ताकत और संकल्प से संभव हुआ। एक लक्ष्मी बाई, एक किरण बेदी एक कल्पना चावला ने वो हिम्मत दिखाई कि दांतो तले उंगली दबानी पड़ती है। ऐसे असंख्य नाम हैं जहाँ एक ने सफलता का वो शंखनाद किया कि उन ध्वनि तरंगों से सर्वत्र प्रेरक ऊर्जा फैल गई। वे भी एक अभिमन्यु, एक ध्रुव जैसे दृढ़ संकल्पवान से प्रेरणा ले आगे बढ़ते गए आगे बढ़े कि प्रकृति स्वयं सहायता को आ उपस्थित हुई–

मैं अकेला ही चला था जानिबे मंजिलमगर लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया।

आलोचना की किंचित परवाह किए बिना अकेले आगे बढ़ कर मिसाल कायम करो। समाज–देश हित में जूझ कर देखो; कितने कदम तुम्हारा अनुकरण करते हैः सिर पर बिठाते हैं।